कुलपति ने तीन संस्थानों का किया निरीक्षण

छात्रों से वार्ता करते वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह।

- कमजोर शिक्षण व्यवस्था में जल्द सुधार लाने की हिदायत दी
- छात्रों की कम उपस्थिति पर जताई नाराजगी

देहरादून (एसएनबी)। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने सम्बद्ध संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कुलपति ने सार्वजनिक व निजी दोनों संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा से ही रोजगार के ज्यादा अवसर उपलब्ध होंगे। मंगलवार को कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने विवि से सम्बद्ध दून इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलाजी (ऋषिकेश), महादेवी इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलाजी देहरादून व राजकीय होटल मैनेजमेंट एंड एपलाईड न्यूट्रिशन (देहरादून) का निरीक्षण किया। कुलपति ने कक्षाओं में जाकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संस्थानों में छात्रों उपस्थिति में कमी व कमजोर शिक्षण व्यवस्था में जल्द सुधार लाने के लिए सख्त हिदायत दी। कुलपति संस्थानों के छात्रों से शैक्षणिक प्रक्रियाओं की जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि छात्र अपनी समस्याओं को विवि तक पहुंचाएं।

कुलपति ने कहा कि विवि द्वारा अपनी गतिविधियों के डिजीटलीकरण के लिए यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम को लागू करना शुरू कर दिया है। आने वाले महीनों में प्रभावी शैक्षणिक नियंत्रण के साथ छात्रों की विभिन्न समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान विश्वविद्यालय स्तर पर ऑनलाइन हो सकेगा। उन्होंने संस्थानों को न्यूनतम उपस्थिति न रखने वाले छात्रों को परीक्षा में शामिल न करने का निर्देश दिया।